हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सात साल से फरार गिरफ्तारी वारंटी...




07 आधा दर्जन साइबर अपराधी दबोचे...



### सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

# आगर में 551 जोड़ों के सामूहिक विवाह के आयोजन पर विधायक गहलोत को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर मालवा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 551 जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आगर मालवा में आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में इंदौर से वर्चुअली शामिल हुए और वर वधु को आशीर्वाद दिया। साथ ही निःशुल्क सामूहिक विवाह के भव्य आयोजन पर विधायक मधु गहलोत और उनके परिवारजनों को बधाई दी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर मालवा में आज से पूर्व ऐसा भव्य आयोजन नहीं हुआ है। 551 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन के लिए विधायक गहलोत के साथ ही सभी दूल्हा-दुल्हन, परिजन और रिश्तेदार भी बधाई के पात्र हैं जिनके द्वारा फिजूल खर्च को छोड़कर सामूहिक विवाह के संस्कार को अपनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको सामूहिक विवाह का संस्कार अपनाना चाहिए जिसमें सबको फायदा होता है फिजूल खर्च नहीं होता है, सब एक साथ एकत्र होते हैं, जिससे सबको एक अच्छा संस्कार मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने हाल ही में वैवाहिक बंधन में बंधे विधायक गहलोत के पुत्र मोहित सिंह गहलोत और पुत्रवधु को बधाई और आशीर्वाद दिया। उन्होंने पुत्र मोहित सिंह गहलोत से अपेक्षा जताई कि वे अपने पिता के समाजसेवा कार्य को आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री ने यह जानकर खुशी व्यक्त की कि विधायक गहलोत अब तक 10 हजार बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुके हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए विधायक एवं दादा नर्सिंग फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बैजनाथ की धरती पर आज का आयोजन भव्य आयोजन है। जिसमें वर वधु को अच्छे से वैवाहिक सामग्री भी प्रदान की जा रही है। आगामी समय में भी आगर जिला ऐसे ही कीर्तिमान रचेगा। सामूहिक विवाह स्थल पर विधायक गहलोत के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई चौहान, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल अन्य जनप्रतिनिधि तथा विशाल संख्या में नागरिक और ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### हजारों भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए

## बगलामुखी मंदिर पर रविवार को दिखाई दिया आस्था का संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ लगी रहती है, वहीं रविवार छुट्टी के दिन तो हजारों की संख्या में भक्त माता मंदिर पर अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं जहां उनके द्वारा हवन अनुष्ठान करवाए जाते हैं। रविवार को भी माता मंदिर पर प्रातःकाल से देर रात्रि तक दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिर के मुख्य पुजारी परिवार द्वारा माता रानी का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार किया जाता है। भक्तों की आस्था के केंद्र मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को हजारों की संख्या में भक्त माता के प्रति आस्था लेकर कतारों में लगकर अपनी मनोकामना पूर्ण होने के विश्वास के साथ दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे थे। सिद्धपीठ पर मंगला आरती के बाद से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारम्भ हो जाती है जोकि दिन चढ़ने के साथ ही लंबी होती जाती है। रविवार को भी बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुंचे। कई भक्तों ने अपनी मनोकामना को लेकर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किए।



## प्रभारी मंत्री चौहान पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर, दर्शन किए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान शनिवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक तथा अन्य कार्यक्रमों के बाद देर शाम नलखेड़ा पहुंचे। जहां मंत्री नागर ने मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नगर आगमन पर प्रभारी मंत्री का प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, भाजपा के नवनियुक्त नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरदास पंडा द्वारा भी प्रभारी मंत्री चौहान को आशीर्वाद स्वरुप माता की चुनर ओढ़ाई गई। दर्शन पूजन उपरांत मंत्री नागर सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दिखे बड़े पंजों के निशान, बाघ की आहट, 24 घंटे बाद भी नहीं पहुंची टीम

**सीहोर।** जिले के ग्राम रामा खेड़ी में किसानों के खेतों में रहस्यमयी बड़े पंजों के निशान मिलने से हड़कंप मच गया है। शुक्रवार और शनिवार सुबह जब किसान गेहूं की फसल में पानी दे रहे थे, तब उन्हें ये निशान दिखाई दिए। इसके बाद से पूरे गांव में बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर की मौजूदगी को लेकर दहशत का माहौल है। किसान कपिल मेवाड़ा के खेत सहित आसपास के कई खेतों में ये निशान लगातार दो दिनों से मिल रहे हैं। पंजों का आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों ने शुरुआती तौर पर आशंका जताई है कि ये बाघ के पंजे हो सकते हैं। हालांकि, यह निशान बाघ के हैं या तेंदुए के, इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग की जांच के बाद ही हो पाएगी।

सूचना के 24 घंटे बाद भी वन अमला नदारद : ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना किसान और समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा को दी, जिन्होंने वन विभाग को भी अवगत कराया। लेकिन हैरानी की बात है कि सूचना दिए 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या टीम मौके पर नहीं पहुंची है। किसानों का कहना है कि रात के समय गेहूं की फसल में पलेवा (पानी) करने के लिए उन्हें अकेले खेतों पर जाना पड़ता है। ऐसे में किसी अज्ञात जानवर की मौजूदगी से उनमें गहरा डर बना हुआ है। समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जानवर की पहचान कर उसे पकड़ा जाए।

### नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

## सस्ता, सुलभ व शीघ्र न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है लोक अदालत : न्यायाधीश चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिला मुख्यालय आगर-मालवा तथा तहसील मुख्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सुरेन्द्र मारू सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालयीन अधिकारी, कर्मचारी, विधुत विभाग, बैंक, नगरपालिका आदि के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी ने किया।

शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश चौहान ने उद्बोधन में कहा कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरण सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटते है जिसमें पक्षकार आपसी सहमति एवं स्वैच्छा, सहमति से राजीनामा करते हैं नेशनल लोक अदालत सस्ता सुलभ एवं शीघ्र न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का अन्तिम रूप से निपटारा हो जाता है और दोनों ही पक्षों में से न कोई जीतता है और ना ही कोई हारता है इस अवसर पर श्रीमती अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर-मालवा ने नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए सभी को प्रेरित किया। जिले में लोक अदालत की 09 खंडपीठों के माध्यम से कुल 403 न्यायालय में लंबित प्रकरणों में सुनवाई की जाकर 295 प्रकरणों में राजीनामा करवाया गया तथा 70 लाख 03 हजार 412 रूपये के अवार्ड पारित किये गये इसी प्रकार प्री लिटिगेशन प्रकरणों में 377 प्रकरणों में सुनवाई की जाकर 215 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 59 लाख 03 हजार 495 रूपये की राशि जमा हुई नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक मामलों में 72 प्रकरणों में से 47 प्रकरणों का निराकरण हुआ कई अलग रह रहे परिवार फिर से एक साथ रहने को तैयार हुए। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 780 प्रकरणों में से 510 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 867 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। नेशनल लोक अदालत में दिन भर पक्षकारों की भीड़ रही जिसमें सबसे अधिक पक्षकार विधुत विभाग के स्टाल पर देखे गये विधुत विभाग के प्री लिटिगेशन प्रकरणों में भी 8 लाख पचास हजार रूपये की राशि जमा हुई।

### पति-पत्नी के बीच हुआ राजीनामा

आवेदक एवं अनावेदिका का विवाह हिन्दु रिति-रिवाज से वर्ष 2016 में अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर जिला झालावाड़ राजस्थान में सम्पन्न हुआ। दोनों ही पति पत्नि खुशी खुशी अपना वैवाहिक जीवन यापन कर रहे थे एवं खुशहाल परिवार चल रहा था परिवार में आवेदक एवं अनावेदिका तथा उनकी दो पुत्रियां थी। विवाह के कुछ वर्ष पश्चात दोनों में छोटी-छोटी बातों को लेकर लडाई झगड़ा होने लगा जिसके परिणाम स्वरूप अनावेदिका अपने पति के घर से वर्ष 2023 में अपने माता पिता के घर माईके रहने चली गई एवं आवेदक के बार-बार समझाने पर भी घर न आने की कसम खा ली।

उक्त स्थिति को देखते हुए आवेदक ने मधुसूदन जंघेल द्वितीय जिला न्यायाधीश आगर-मालवा के न्यायालय में धारा 9 हिन्दु विवाह अधिनियम अन्तर्गत वैवाहिक संबंधों की पुर्नस्थापना हेतु याचिका दायर की। मधुसूदन जंघेल द्वितीय जिला न्यायाधीश आगर-मालवा के अथक प्रयासों से दोनों पक्षों को समझाईश दी गई जिससे नेशनल लोक अदालत में दोनों पक्षों में आपसी समझौता से दोनों पक्ष खुशी खुशी एक साथ अपने घर चले गए।

### जैन समाज में तीन दिवसीय आयोजन, परमात्मा का अभिषेक कर पूजन व आरती की

# भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पुरूषादायिनी, महाप्रभावी भगवान पार्श्वनाथ एवं जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा भगवान चंदा प्रभु के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाजजनों द्वारा तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को लाभार्थी सकलेचा परिवार द्वारा परमात्मा का अभिषेक कर पूजन व आरती की गई।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा प.पू. साध्वी मौनांग प्रिया श्रीजी म.सा.प.पू. साध्वी दिव्यांग प्रिया श्रीजी म.सा.आदि ठाणा 6 की निश्रा में 13 से 15 दिसंबर तक पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक अवसर पर अट्ठम तप की आराधना हो रही है। 14 दिसंबर को पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक के अवसर पर परमात्मा चंद्रप्रभु का अभिषेक फिर पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक एवं केसर पूजन आदि के साथ आरती व अष्टप्रकारी पूजन लाभार्थी राजेंद्र कुमार रविकुमार सकलेचा परिवार द्वारा समाजजनों के साथ हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव पूर्वक की गई। साध्वी मंडल द्वारा शक्रस्तव स्तोत्र के द्वारा भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक विधि विधान के साथ संपन्न करवाया गया।

इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों द्वारा घोष बैंड पर सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। अभिषेक के इस कार्यक्रम में 9 लकी ड्रा खोले गए। दोपहर में मंदिर जी में पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन लाभार्थी मनोहरलाल मुकेश कुमार मनीष कुमार फाफरिया परिवार द्वारा रखी गई। पूजन चंदा प्रभु बहुमंडल द्वारा पढ़ाई गई। 15 दिसंबर सोमवार को पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन लाभार्थी चंदा प्रभु बहुमंडल द्वारा रखी गई है पूजन भी बहुमंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। रात्रि में जैन आराधना भवन में श्री शत्रुंजय तीर्थ पर स्थित मोतीशाह टूक के निर्माता मोती शाह सेठ पर आधारित जीवंत नाटिका की प्रस्तुति समाज के बच्चों द्वारा दी जावेगी।

16 दिसंबर मंगलवार को जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा चंदा प्रभुजी का जन्म कल्याणक मनाया जावेगा। समाजजनों द्वारा प्रातः 9 बजे नगर में परमात्मा की रथ यात्रा निकाली जावेगी। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे मंदिरजी में चंदा प्रभु पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा रखी गई है पूजन महिला मंडल द्वारा ही पढ़ाई जावेगी। सायंकाल 7 बजे जिन मंदिरजी में महाआरती का कार्यक्रम होगा। गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जैन मंदिर दादाबाड़ी में भी भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्म कल्याण के अवसर पर मंदिरजी में मीनल सकलेचा द्वारा सुंदर गहूली बनाई गई। वहीं भगवान पार्श्वनाथजी पर आधारित रंगोली भी बनाई गई। भगवान के दरबार को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप सुंदर ढंग से सजाया गया था। परमात्मा की मनमोहक अंगी रचना भी की गई।

### लालूखेड़ी में भी मनाया जन्म कल्याणक कार्यक्रम

नगर के समीप श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर परमात्मा पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को प्रातः 9.30 बजे से मंदिरजी में श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन, तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्रीमती कमला देवी सागरमल तातेड़ परिवार की ओर से रखा गया था। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से लाभार्थी परिवार का बहुमान किया गया।

### सड़क किनारे हिरण का घायल बच्चा मिला, आनंद डेरी चौराहे से वन विभाग ने रेस्क्यू किया, इलाज जारी

**सीहोर।** शहर में शनिवार सुबह एक घायल हिरण का बच्चा मिला। आनंद डेरी चौराहे पर राहगीरों ने उसे बेसुध पड़ा देखा, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। हिरण के बच्चे के पैर में चोट के निशान थे और वह गंभीर रूप से घायल था। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल उसके आसपास आग जलाकर उसे गर्मी देने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल वन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण के बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ रेंज कार्यालय ले गई। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हिरण का बच्चा शहर में कहां से आया और उसे चोट कैसे लगी। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है और हिरण का इलाज जारी है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एकादशी पर सजेगा खाटू श्याम दरबार

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा की भव्य महा आरती का आयोजन किया जाएगा। महा आरती शाम 6:45 बजे संपन्न होगी। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार गुलाब, मोगरा, चंदन, चमेली एवं रंग-बिरंगे फूलों से किया जाएगा, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। खाटू नरेश को आज 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं पवित्र ज्योत दर्शन शाम 6 बजे से प्रारंभ होंगे। इस धार्मिक आयोजन में श्याम प्रेमी हिमांशु विजयवर्गीय एवं हरिओम उपाध्याय द्वारा मधुर श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। दोपहर 3 बजे महिला मंडल द्वारा राधा-ठाकुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। बाबा की भोग आरती दोपहर 12 बजे होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे। एकादशी के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की संभावना है।

### भगवा पताकाओं के साथ निकली एकता शौर्य यात्रा

**देवास।** भगवा पताकाओं, हर-हर महादेव एवं जय-जय श्रीराम के उद्घोष के साथ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में मठ-मंदिर मुक्ति अभियान के अंतर्गत देवास शहर में निकली सनातन एकता शौर्य यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। उपरोक्त यात्रा का एमजी रोड स्थित नगर की हृदय स्थली पिपली बाजार चौराहे पर श्री पिपलेश्वर महादेव भक्त मंडल एवं सेवा समिति की और से भजन गायक संजय कुमार जैन लख्खाजी के नेतृत्व में जय-जय श्रीराम के जयघोष व पुष्पवर्षा से स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। बताया कि यात्रा का उद्देश्य मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए जनजागरण करना है। यात्रा सिद्धिविनायक परिसर, सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सोमेश्वर महादेव मंदिर, नाहर दरवाजा पर संपन्न हुई।

ऑपरेशन हवालात के तहत थाना औद्योगिक पुलिस ने की कार्रवाईयां

# सात साल से फरार गिरफ्तारी वारंटी आरोपी और एक इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

### मारपीट और चोरी जैसे अपराधों में दर्ज प्रकरणों में बनाए गए आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



थाना औद्योगिक क्षेत्र के द्वारा संबंधी प्रकरण मे प्रकरण क्रमांक 402/2020 एवं अपराध क्रमांक 732/2019 धारा 380 भादवि का फरार गिरफ्तारी वारंटी आरोपी अनिल पिता बाबू कंजर उम्र 21 साल निवासी ग्राम चिड़ावद जिला देवास लगभग 07 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी। जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रत्यनशील थी। शनिवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार गिरफ्तारी वारंटी आरोपी को जिला देवास में देखा गया है, जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। उक्त टीम ने सफलता पूर्वक फरार गिरफ्तारी वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

#### 10 माह से फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

वही एक अन्य मारपीट संबंधी प्रकरण मे 10 माह से फरार ईनामी आरोपी रोहित उर्फ काला पिता राकेश गोहर उम्र 25 साल निवासी राजीव नगर अनवटपुरा देवास को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना औद्योगिक क्षेत्र के द्वारा संबंधी प्रकरण मे अपराध क्रमांक 146/2025 धारा 119(1),115(2),296(a),351(3) बी.एन.एस. का फरार 2,000/- के ईनामी वारंटी आरोपी रोहित उर्फ काला पिता राकेश गोहर उम्र 25 साल निवासी राजीव नगर अनवटपुरा देवास लगभग 10 माह से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था। थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी। शनिवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार ईनामी आरोपी को जिला इंदौर में देखा गया है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ करने पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

### ओवरलोडिंग व बिना परमिट परिवहन करने वाले वाहन किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


शनिवार को यातायात पुलिस देवास द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक गंभीर एवं अत्यंत लापरवाहीपूर्ण मामला संज्ञान में आया। मैजिक वाहन क्रमांक MP-13-टीए-0572 का चालक नंदकिशोर पिता दशरथ सिंह, निवासी नगुखेड़ी, देवास, द्वारा 18 स्कूली बच्चों को वाहन के अंदर बैठाकर एवं एक बच्चे को पीछे पायदान पर लटकाकर अत्यधिक असुरक्षित एवं नियम विरुद्ध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

उक्त कृत्य को बच्चों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ मानते हुए वाहन चालक के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 184, 66/192, 56/192 एवं 125/177 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। साथ ही उक्त वाहन को जप्त कर थाना यातायात में खड़ा किया गया है।इसके अतिरिक्त, चेकिंग के दौरान बिना वैध परमिट के यात्री परिवहन करते पाए गए तीन अन्य मैजिक वाहनों को भी जप्त कर उनके विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। समस्त प्रकरणों को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय प्रस्तुत किया जाएगा।

यातायात पुलिस की उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी यातायात पवन बागड़ी के नेतृत्व में थाना यातायात पुलिस देवास द्वारा की गई।देवास पुलिस स्पष्ट रूप से चेतावनी देती है कि स्कूली बच्चों के परिवहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, ओवरलोडिंग अथवा बिना परमिट वाहन संचालन को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की गलती करने वालों के विरुद्ध और भी कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# मालवा कबीर महोत्सव में गूंजे स्वर, श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नागेश्वर संगीत कला संस्कृति एवं साहित्य समिति के तत्वावधान में शनिवार शाम को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर महंत सतीश दास द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसार भारती आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी ब्रह्म प्रकाश चतुर्वेदी, बालीवुड फिल्म अभिनेत्री नेहा कपूर, समाज सेवी फिरोज अहमद रहे। अध्यक्षता संगीत सम्राट उस्ताद रजब अली खां संगीत कल्याण समिति के अध्यक्ष मुनव्वर खान ने की। अतिथियों व कलाकारों का स्वागत समिति अध्यक्ष काजल नागेश्वर, देवेन्द्र नागेश्वर एवं इंटक जिलाध्यक्ष महेश राजपूत, ओम प्रकाश नागेश्वर शाहबुद्दीन मंसूरी, लियाकत खान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कबीर वाणी भजन गायक सत्यनारायण सूर्यवंशी ने अपने साथियों के साथ गुरबानी पेश कर कार्यक्रम का आगाज किया। प्रसिद्ध भजन गायक दंपत्ती सुमित्रा देवी एवं बद्रीलाल मालवीय द्वारा सारगर्भित तरीके के साथ प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिले की भजन गायिका माया-लीलाबाई मालवीय मां बेटी की जोड़ी की आकर्षक प्रस्तुति से हॉल में श्रोतागणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से ठंड के मौसम में गर्मी का अहसास कराया। देवेन्द्र एवं गायिका काजल नागेश्वर व लियाकत खान की जुगलबंदी ने शानदार प्रस्तुति दी। मालवा और निमाड़ की सबसे चर्चित भजन गायिका बंजारन सिस्टर्स ज्योति वर्मा, गौरी, शारदा की उम्दा गायिकी ने समा बांधे रखा। कार्यक्रम में भजन गायक शांतिलाल चौहान, बलराम सोलंकी, राजकुमारी सोलंकी तथा खुशी, मुस्कान अमलावतिया व माही की सराहनीय प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में धार से भजन गायक मयाराम मालवीय, उज्जैन से कमल मालवीय, इंदौर राजेश गोस्वामी सहित मालवा क्षेत्र के अन्य जिलों से भजन मंडलियों ने देर रात तक कार्यक्रम को गतिमान रखा।

### कल लगेगा एक दिवसीय कला शिविर

**देवास।** अमृत संचय अभियान अंतर्गत देवास को जल संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से एक एक दिवसीय कला शिविर का आयोजन 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से मल्हार स्मृति परिसर में किया जाएगा।इस कला शिविर में जल विषय पर केंद्रित पेंटिंग्स तैयार की जाएँगी, जिनकी एक विशेष प्रदर्शनी भी अगले दिन 17 दिसम्बर 2025, बुधवार को इसी सभागार में आयोजित की जाएगी। उक्त पेंटिंग्स प्रतिष्ठित कलाकारों एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक वातावरण में बनाई जाएँगी, ताकि कला के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

# सांसद सोलंकी की उपस्थिति में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



खिलाड़ी भारत के लिए खेलता है। खिलाड़ियों से देशभक्ति की भावना सशक्त होती है। यह विचार पायोनियर पब्लिक स्कूल में 69 वी राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रकट किए। प्रतियोगिता संयोजक एवं विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महेन्द्रसिंह सोलंकी, सांसद देवास शाजापुर लोकसभा, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव ने की। विशेष अतिथि राजेश यादव, जिला महामंत्री भाजपा देवास, एसजीएफआई के पर्यवेक्षक राकेश सिंह, सॉफ्ट टेनिस संघ के जिलाध्यक्ष महेश चौहान थे। सेंधव ने कहा कि खेल भावना जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय, विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, हेमेंद्र निगम काकू भारती ने किया।मनीष जायसवाल, गौरव कदम महेश सोनी, शैलेंद्र सांगते,विपुल चौहान,ने किया। इस अवसर पर इस खेल स्मारिका राष्ट्रीय एकता का विमोचन भी किया गया। विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत, काँस्य पदक प्रदान किए गए। विभिन्न राज्यों के जनरल मैनेजर व ऑफिशियल्स को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं प्रीति पवार ने किया।आभार विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने माना।स्पर्धा के अंतिम परिणामों में अंडर 19 बालक वर्ग में गुजरात प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,महाराष्ट्र तृतीय रहा। वहीअंडर 17 बालक वर्ग में महाराष्ट्र प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,गुजरात तृतीय रहा।अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई वेलफेयर प्रथम,गुजरात द्वितीय,पंजाब तृतीय रहा। अंडर 19 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय, छत्तीसगढ़ तृतीय रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, गुजरात द्वितीय, सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा। अंडर 14 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, पंजाब द्वितीय, सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा।

# संस्था धर्मपथ द्वारा 29 को आयोजित होने वाले राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सुनील जोशी के बलिदान दिवस पर आगामी 29 दिसम्बर सोमवार को संस्था धर्मपथ द्वारा राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मिश्रीलाल नगर स्थित कैलादेवी मंदिर प्रवचन हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित श्री 1008 कृष्ण गोपाल दास महाराज ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हिन्दू वीर सुनील जोशी ने राष्ट्र एवं समाज के लिए सेवा कार्य किए। स्व.सुनील जोशी की स्मृति में 29 दिसम्बर को बलिदान दिवस पर संस्था धर्मपथ द्वारा राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम गोकुल गार्डन में शाम 06 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक अश्विनी उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में सनातन एवं विश्व गुरु भारत पर अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे एवं सुझाव दिए । कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग शामिल हो इस हेतु कार्यकर्ताओं को जवाबदारी सौंपी गई। संस्था अध्यक्ष वासुदेव परमार ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में समाज के सभी नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर संस्था धर्मपथ द्वारा तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी राष्ट्र भक्त नागरिकों का ई रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। ई रजिस्ट्रेशन होने पर ही कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। संस्था धर्मपथ ने नागरिकों से आग्रह किया है की कार्यक्रम में शामिल होने हेतु शीघ्र ही ई रजिस्ट्रेशन करवाकर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ रामचरण पटेल, माखनसिंह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन कार्यकर्तागण एवं मातृ शक्ति उपस्थित थी। उक्त जानकारी संस्था सचिव रोहित चौहान ने दी।

सेन थॉम पब्लिक स्कूल बद्रीधाम में आयोजित हुआ भव्य स्कूली समारोह

# वार्षिक समारोह स्पेक्ट्रा 2025 में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर, ने अपना चौथा वार्षिक समारोह 'स्पेक्ट्रा' अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस रंगारंग कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही, जिसने इस अवसर को सभी के लिए यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव. थॉमस जॉन, विकार, मार थोमा चर्च एवं प्रबंधक, मार थोमा ग्रुप ऑफ स्कूल्स, इन्दौर तथा विशिष्ट अतिथि ज्योति शर्मा, आईएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत देवास रहीं। अध्यक्ष सुनील थॉमस एवं निदेशिका हैंसी थॉमस द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान और प्रकाश के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रेव. रिजू जॉन थॉमस द्वारा प्रार्थना से हुई।

इसके पश्चात नन्हे छात्र–छात्राओं ने मंच संचालन की जिम्मेदारी आत्मविश्वास के साथ संभाली और पूरे कार्यक्रम का सुचारु संचालन किया। 2½ से 9½ वर्ष की आयु के बच्चों का मंच पर ऐसा आत्मविश्वास और उत्साह दर्शनीय एवं सराहनीय था।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत एक मनोहारी प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसने पूरे वातावरण को शांत, दिव्य एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। यह कार्यक्रम विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता है।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रेव. थॉमस जॉन ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार को बारीकी से देखते हैं और वही आगे चलकर उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने आचरण के प्रति सजग, जिम्मेदार और सतर्क रहने का आग्रह किया, क्योंकि यह बच्चों के संस्कारों और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वहीं विशिष्ट अतिथि ज्योति शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनना भी उतना ही आवश्यक है।वार्षिक समारोह 'स्पेक्ट्रा' का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसने दर्शकों को मधुर स्मृतियों और नन्हे कलाकारों पर गर्व की अनुभूति के साथ विदा किया। कार्यक्रम के अंत में सोमाली घोष, प्रधानाध्यापिका, सेन थॉम पब्लिक स्कूल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# अ.भा क्षत्रिय महासभा का स्नेह और सम्मान समारोह 16 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में स्नेह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 16 दिसंबर 2025, मंगलवार को सायं 4 बजे से श्री महाराणा प्रताप परिसर, मक्सी रोड, देवास में आयोजित होगा। समारोह में क्षत्रिय समाज के अनेक राष्ट्रीय, प्रदेश एवं समाज के प्रतिष्ठित पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में ठाकुर मलखान सिंह, भंवर परीक्षित सिंह सोलंकी (पानरवा रियासत, मेवाड़), दिलीप सिंह राणा (खीरसराय सूर्यगढ़ पैलेस, गुजरात), करिश्मा हाड़ा, ठाकुर रघुवीर सिंह बघेल (अध्यक्ष श्री महाराणा प्रताप ट्रस्ट, देवास), कुंवर जितेंद्र सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यवाहक, अभा क्षत्रिय महासभा, नई दिल्ली) की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही ठा. उमाशंकर सिंह कुशवाह (राष्ट्रीय अध्यक्ष), राखी परमार (प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश), हेमलता सिंह चौहान (महिला अध्यक्ष, राजस्थान), खुशी राठौड़ (प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान–दुबई), ठाकुर राजवीर सिंह बघेल, राजा ठाकुर एवं शक्ति सिंह चंदेल भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजकों ने बताया कि यह समारोह समाज में आपसी सौहार्द, संगठनात्मक मजबूती एवं समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं पदाधिकारी शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएंगे। कार्यक्रम के निवेदक ठाकुर जैनेन्द्र सिंह पंवार, ठाकुर विजय बहादुर सिंह राठौड़ (संभागीय अध्यक्ष), दिलीप सिंह सोलंकी (जिलाध्यक्ष), सौदान सिंह परिहार, रविन्द्र सिंह पंवार (सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश) आदि ने नागरिकों को सादर आमंत्रित किया है।

## खबर संक्षेप

### सामान लेने जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला शान्तिनगर में रहने वाले शुभम शर्मा पुत्र स्व.भगवानदास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब 6.30 बजे जरूरत का सामान लेने जा रहा था, तभी बड़ी नहर पुल के पास उदय पुत्र सुन्दर पंथ, टोन उर्फ राकेश पुत्र अज्जू आये और गालियां देते हुये एकराय होकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सिर में गोली मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** दैलवारा में रहने वाले जगभान पुत्र जूजू कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 9 दिसम्बर को वह खेत पर नाले से पानी दे रहा था। तभी नाती राजा पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह आये और इंजन उठाकर ले जाने की कहने लगे। विरोध करने पर दोनों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में चोटें आयीं। आरोप है कि नाती राजा ने सिर में गोली मार देने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बुलेट की मारी टक्कर से टूटा पैर

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी के ग्राम लड़ेरी निवासी आशीष पुत्र अज्जी प्रजापति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके चाचा गज्जू पुत्र कम्मोदा 25 नवम्बर को शाम 6 बजे ललितपुर से दवा कराकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में राजघाट चौराहा के सामने तेज रफ्तार आ रही बुलेट गाड़ी नं. एम.पी.07 एन.क्यू. 5637 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके चाचा का पैर फ्रैक्चर हो गया। राहगीरों ने एम्ब्युलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कुल्हाड़ी से हमला कर धमकाया

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम गदयाना निवासी अनुज भार्गव पुत्र कमलापत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गांव के नितेन्द्र पुत्र उमाशंकर ने 12 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे उसे गालियां दीं। विरोध करने पर नितेन्द्र ने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर कहा कि उसे जान से मार देगा और गाड़ी तोड़ देगा। आरोप है कि आये दिन उसे व उसके परिजनों को गालियां दी जाती हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवती पर सोने का हार व अंगूठी चुराने का आरोप

**ललितपुर।** कैलगुवां रोड रावतयाना निवासी मुश्कान पत्नी जुबेर खां ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 7 दिसम्बर की अपराह्न करीब 1.45 बजे वह कैलगुवां रोड से स्टेशन की ओर अमन खान पुत्र हनीफ के रिक्सा में बैठकर जा रही थी। आरोप है कि स्टेशन के पास खड़ी लड़की द्वारा उसके पर्स से एक सोने का हार व एक सोने की अंगूठी निकाल ली। इस सम्बन्ध में उसने उसी दिन कोतवाली में शिकायत की तो कार्यवाही नहीं की गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### स्कूल के 350 छात्रों को ट्रस्ट ने बांटे ऊनी स्वेटर

**विदिशा।** श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा विठ्ठल नगर स्थित मंदिर के सामने ललित कुंज क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के 350 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। विधायक मुकेश टंडन, ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विठ्ठलदास डांगरा, अपना घर आश्रम के अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा, प्रवक्ता सोहेल भाई तथा जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव उपस्थित रहे।

### धामनोद, लटुआ, दैय्यरपुर मार्ग को मिली स्वीकृति

**ग्यारसपुर।** हैदरगढ़ क्षेत्र के लिए वर्षों से प्रतीक्षित धामनोद, लटुआ, दैय्यरपुर सड़क निर्माण को लगभग 2.5 करोड़ की लागत से निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। यह विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि रहेगी।

---

घर बैठे रुपए कमाने का प्रलोभन देकर खुलवाते थे बैंक खाते

# आधा दर्जन साइबर अपराधी दबोचे, खातों से कमीशन पर रुपया निकाल लेते थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

साइबर अपराध को नई परिभाषा देते हुये घर बैठे रुपये कमाने का प्रलोभन देकर बैंक खाते खुलवाते हुये विभिन्न कम्पनियों का रुपया कमीशन लेकर ट्रांसफर कर अवैध ट्रेडिंग करने वाले आधा दर्जन महाठगों को साइबर थाना पुलिस ने धर दबोचा है।

पुलिस विभाग से जारी प्रपत्र के अनुसार बताया गया है कि एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा मु.अ.सं. 43/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में आजादपुरा द्वितीय निवासी विशाल विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल, मड़ावरा के ग्राम बहादुरपुर निवासी आर्यन पटेल पुत्र संतोष, नाराहट के ग्राम सरखड़ी निवासी कृष्णा पटेल पुत्र पारथ सिंह, नाराहट के ही ग्राम टेनगा निवासी अभिषेक कुमार पुत्र सुखपाल सिंह, मोहल्ला रामनगर निवासी रोनित श्रीवास पुत्र राकेश कुमार, थाना सौजना के ग्राम गौना निवासी केशव सेन पुत्र बितन लाल को हिरासत में लिया है। पुलिस को पूछताछ में साइबर ठगों ने बताया कि वह भोले भाले लोगो को कंपनियों का पैसा ट्रांसफर करने के उद्देश्य से कमीशन के रूप में लाभ प्रदान कराने का झांसा देकर, उनका बैंक खाता खुलवाते थे।

प्राप्त बैंक खाता का उपयोग कर साइबर अपराध व ऑनलाइन अवैधानिक ट्रेडिंग में करते थे। इन बैंकिंग खाता का प्रयोग तब तक साइबर अपराधियों द्वारा किया जाता था, जब तक कि बैंक खाता फ्रीज या एनसीसीआरपी पोर्टल पर रिपोर्ट होकर बंद नही हो जाता था। बदमाशों को पकडने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले हजारों रुपए

थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम पिपरिया वंशा निवासी प्रभा पत्नी शिबू सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि संजय पुत्र काशीराम ने उसका मोबाइल हैक करके उसके खाते से साइबर फ्रॉड के जरिए 14 अगस्त को 5 हजार रुपये, 16 अगस्त को 34 हजार रुपये निकाल लिये। जब पीड़िता ने बैंक में शिकायत की। इसके बाद उसने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की, जहां उसे जानकारी दी गयी। आरोप है कि साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। अब महिला की तहरीर पर जाखलौन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### *जनपद पुलिस ने साइबर क्राइम जागरुकता अभियान चलाया*

*पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद के सभी थानों पर स्थापित साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में जानकारियाँ दी गई डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई लिंक न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें 04.सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें,*

---

प्रसारण भाजपा कार्यालय में देखा

# सांसद चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के एतिहासिक अवसर के सजीव प्रसारण को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला के नेतृत्व में सामूहिक रूप से देखा गया। जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला द्वारा इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर सात वार के सांसद पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं संजीव प्रसारण देखने के बाद मिष्ठान बांट कर हर्ष व्यक्त किया गया।इस अवसर पर जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्णत लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है और आज इसी तरह सर्वसम्मति से श्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी जखोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र जायसवाल, ईं भागीरथ बरुआ, जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया, धर्मेन्द्र पाठक, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री रमेश कुशवाहा नझाई, रजनी अहिरवार, प्रान्तीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, मुन्ना लाल रजक, सन्तोष कुशवाहा, सांसद कार्यालय प्रभारी दिनेश गोस्वामी एड, मोहन लाल रैकवार, जिला पदाधिकारी गण ध्रुव सिंह सिसौदिया, अवतार सिंह लोधी एड, रुपेश साहू, संदीप सिंह बुंदेला,दीपक पाराशर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा दीपक चौबे, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, रानी जहां, मनविन्दर कौर, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल,नगर महामंत्री मनोज खटीक एड, रोहित रावत मोर्चा अध्यक्ष गण लक्ष्मी रावत, नीतेश संज्ञा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह रजक, विलास पटैरिया, अजय जैन साइकिल, अनुराग जैन शैलू, हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, गजेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत, पियूष प्रताप सिंह बुंदेला, किंजिल्क हुड्ढैत, अशोक साहू दाऊ, उमाशंकर चौबे, महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, सुनील तिवारी, कुंजन सिंह लोधी, बृजेन्द्र सिंह सनी, राहुल राजपूत, गोल्डी राजपूत, निहाल सिंह लोधी, आशीष हुड्ढैत, दुर्ग प्रताप सिंह राजपूत, वन्दना तिवारी,रीता सोनी, रामेश्वरी सोनी,रामरती रैकवार, राखी ताम्रकार, रामरती ताम्रकार, वैभव गुप्ता, जीतू राजा प्रधान, श्याम बिहारी कौशिक, प्रताप विक्रम सिंह यादव,दीपक वैद्य, रवीन्द्र पाठक, शुभम समैया, राजेश डोंडवानी, अमन द्विवेदी, राम जी कुशवाहा, शिवम तिवारी, सुधांशु शर्मा, आशीष कौशिक,आनन्द देवलिया, मनोज साहू, जगभान सिंह लोधी, डा बालकिशन राजपूत, कल्लन कुशवाहा, चन्द्रवीर सिंह यादव, पंकज जैन आदि मौजूद रहे।

---

ग्राम पंचायत गनगौरा का दौरा

# साइकिल से गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कराने पहुंचे गांव में विकास अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा पंचायत सचिव की उपस्थिति को ऑनलाइन किये जाने को लेकर जो आदेश विगत दिनों निर्गत किया गया था। ऑनलाइन उपस्थिति आदेश के परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा इसे वर्तमान समय में ऐसे आदेश को अव्यवहारिक और शासकीय कार्यों को बाधित करने वाला बताते हुये सांकेतिक सत्याग्रह जोकि साइकिल चला कर भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को विकास खण्ड जखौरा के ग्राम पंचायत गनगौरा में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल गनगौरा में ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु कुशवाहा साइकिल से पहुंचे जहां अधिकारियों द्वारा गोवंश शाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा.सरस कुमार तिवारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरज कुमार वर्मा, भूमि संरक्षण विभाग से अवर अभियंता राधेश्याम, प्राविधिक सहायक कृषि विभाग अंजुलिका सेन, विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरज कुमार वर्मा के द्वारा गोशाला का निरीक्षण किया गया जिसमे गोशाला की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई तथा गोवंश का सर्दी से बचाव भी किया जा रहा था और खान पान की व्यवस्था भरपूर मात्रा में पर्याप्त पाई गई।

---

शिक्षा, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान पर


# अंतरराष्ट्रीय मार्किवस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से बुंदेलखंड में जन्मे डॉ.कोमलचंद को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर के प्रतिष्ठित सर्राफ परिवार में जन्मे डा.कोमलचंद सराफ (हाल निवासी अमेरिका) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद और देश का नाम रोशन करते हुए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्किवस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त किया है।

यह सम्मान अमेरिका स्थित मार्किवस हूजहू पब्लिकेशंस बोर्ड द्वारा उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में दीर्घकाल तक उत्कृष्टता, प्रतिबद्धता और समाज पर सकारात्मक प्रभाव स्थापित किया हो। उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार किसी आवेदन अथवा सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालिक मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदान किया जाता है। मार्किवस संस्था वर्षों तक चयनित व्यक्तियों के शैक्षणिक, शोध, पेशेवर उपलब्धियों के साथ-साथ उनके सामाजिक एवं मानवीय योगदान का भी गंभीरता से आकलन करती







है। डा.कोमलचंद सराफ के पीएचडी प्राप्त करने के बाद से उनके अकादमिक कार्य, शोध, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रभाव को निरंतर परखा गया, जिसके उपरांत बोर्ड द्वारा उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि डॉ. कोमल चंद सराफ शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ अनेक चैरिटेबल (परोपकारी) परियोजनाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। वे शिक्षा प्रोत्साहन, स्वास्थ्य सेवाएँ, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला एवं बाल कल्याण, निर्धन एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता तथा सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर दान, सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। समाजसेवा के प्रति उनका यह समर्पण इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। डा.कोमलचंद सराफ की प्रेरणादायी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी उल्लेखनीय है। वे लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी-2 के मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सराफ के आदरणीय चाचाजी हैं। वर्तमान में 85 वर्ष की आयु में भी वे सक्रिय रहते हुए अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य की राजधानी ट्रेंटन में लगभग 50 वर्षों से एक प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका दीर्घ अनुभव, मानवीय दृष्टिकोण और सेवा-भाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित रहा है। डा.कोमलचंद सराफ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर लायंस इंटरनेशनल, सर्राफ परिवार, स्थानीय समाज तथा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सराफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है।

---

## संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार रोड न्यू टाउन शिप के दानिश हिल्स निवासी प्रत्युस कैथवास पुत्र प्रकाश कैथवास ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जीआरपी पुलिस को बताया कि 12 दिसम्बर को वह ट्रेन नं. 12754 मराठवाड़ा सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ नं. 33 पर हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह अपने मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट में लगाकर मोबाइल को सिर के नीचे रखकर सो गया था। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। रेलवे स्टेशन ललितपुर आ रहा था, उसने मोबाइल फोन काफी खोजा लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसका फोन 50 हजार रुपये कीमत का था। जीआरपी ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सड़क सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों पर यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन, जिनमें बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म, हूटर, बत्ती लगाना, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द व स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 97 वाहनों का चालान किया गया।

## सैलून के बाहर खड़े युवक पर किया हमला

**ललितपुर।** महरौनी के सैदपुर में रहने वाले अभिषेक सेन पुत्र सुखदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 दिसम्बर को अपराह्न 2.30 बजे अपनी सैलून की दुकान के बाहर खड़ा था, तभी गांव के सौरभ सिंह पुत्र सोबरन सिंह आयाऔर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। जब शिकायत करने पुलिस चौकी गया तो उक्त लोगों ने फिर मारपीट करते हुये उसे घायल कर दिया। आरोप है कि वह राशन लेने गया हुआ था, तब गालियां देते हुये कोटेदार धूमन सिंह पुत्र तरन सिंह, मनीराम साहू पुत्र खरोटे लाल ने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों के साथ भी गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## पत्नी मायके जाने पर परिवार जनों ने किया वाद-विवाद

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में रहने वाले जयप्रकाश रिछारिया पुत्र ओमप्रकाश रिछारिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह हिमांचल प्रदेश में प्राईवेट जॉब करता है। बताया कि 12 दिसम्बर को वह अपने छोटे भाई वेदप्रकाश के पास मोहल्ला पिसनारी में रूका था। जहां शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच तहसील के सामने महरौनी निवासी सुशील तिवारी पुत्र बाबूलाल, नीलेश व मोहित पुत्रगण सुशील तिवारी, मीना पत्नी सुशील आये और उससे विवाद करने लगे, कि उसकी पुत्री अपनी पत्नी को तालबेहट रिश्तेदारी में क्यों छोड़ दिया। जब उसने कहा कि वह स्वयं जिद करके तालबेहट गयी है एवं वह उसके साथ रहना नहीं चाहती है। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कहा कि वह धमकियां देती है कि सोनाली काण्ड इन्दौर की लड़की व अन्य कई काण्ड जैसा तुम्हारा हाल कर दूंगी। उनकी तो लाशें मिल गयीं, लेकिन तेरी लाश नहीं मिलेगी। आरोप है कि उक्त लोगों ने आवेश में आकर उसके साथ मारपीट कर दी और रोटी बनाने वाले तबे से मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। चिल्लाने पर मोहल्ले के लोगों ने आकर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# थाने में हुई सैकड़ों बाइकों की नीलामी, खरीदने उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को कोतवाली थाने में जब्त, एक्सीडेंटल और अपराधों में पकड़ी गई गाड़ियों की नीलामी गई। कंडम हालत में पड़ी इन गाड़ियों को खरीदने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए।

पूरा थाना परिसर खचाखच भर गया। वाहनों को खरीदने के लिए भोपाल सहित आसपास से भी खरीददार पहुंचे। भीड़ इतन बढ़ गई कि पुलिस ने लॉट में गाड़ियों की नीलामी शुरू कर दी। लेकिन खरीददारों ने इसका विरोध कर दिया इसके बाद फिर से एक- एक कर बाइकों की नीलामी की गई। गई पुराने मॉडल की गाड़ियों जैसे एजदी, याम्हा आरएक्स 100 जैसी मॉडिफाइ होने वाली गाड़ियों की खूब ऊंची बोली लगाई गई। एक एजदी करीब 42 हजार रुपए कीमत में नीलामी हुई। क्योंकि यह गाड़ियां तैयार कर ऊंची दामों पर बिक जाती हैं। कोतवाली थाने में दोपहर से शुरू हुई गाड़ियों की नीलामी रात 9 बजे के बाद तक चलती रही।



कई खरीदारों ने एक साथ कई गाड़ियां खरीदीं जिन्हे मॉडिफाइ करने के बाद बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाएगा। यह गाड़ियां कई सालों से थाना परिसर में खड़ी हुई थीं।

## रामजानकी मंदिर में चोरी जेवर व पूजन सामग्री गायब

**विदिशा।** मुखर्जीनगर के सामने शंकरनगर में रामजानकी मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर भगवान के 3 मुकुट, माला व अन्य पूजन सामग्री ले गए, जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। शनिवार सुबह मंदिर के पुजारी दीपक जब पूजा के लिए पहुंचे और ताला खोला तो मंदिर में पूजा सामग्री बिखरी हुई थी और भगवान के आभूषण गायब थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लगातार मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में नाराजगी और भय का माहौल है। पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी।

### पुलिस की त्वरित विवेचना और न्यायालय की संवेदनशीलता से पीड़िता को मिला इंसाफ

# नाबालिग दुष्कर्म कांड : 16 दिवस में दोषी को उम्रकैद व 25 हजार जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना करनवास, जिला राजगढ़ अंतर्गत ग्राम देवलखेड़ा के जंगल क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ घटित जघन्य दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस, अभियोजन एवं न्यायालय के समन्वित प्रयासों से मात्र 16 दिवस के ट्रायल में पीड़िता को न्याय दिलाया गया। न्यायालय ने आरोपी गोरधन पिता रामलाल जाटव (उम्र 62 वर्ष), निवासी ग्राम देवलखेड़ा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया जो पीड़िता को मिलेगा। प्रकरण में अपराध क्रमांक 108/2025, 18 अगस्त 2025 को थाना करनवास में मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना 10 मार्च 2025 की है, जो ग्राम देवलखेड़ा के जंगल में नाले के पास घटित हुई। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(2)(प), 64(2)(उ), 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

#### त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील विवेचना

प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी करनवास द्वारा की गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने पीड़िता के कथन, वीडियोग्राफी, मेडिकल परीक्षण, काउंसिलिंग एवं कानूनी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया। महिला चिकित्सक उपलब्ध न होने पर पीड़िता का जिला अस्पताल राजगढ़ में परीक्षण कराया गया, जहां से उसे आगे सोनोग्राफी हेतु भोपाल रेफर किया गया। मध्य रात्रि में ही पीड़िता को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसिलिंग कराई गई, जिससे उसकी मानसिक स्थिति को संबल मिल सके।

#### आरोपी की गिरफ्तारी और मेडिकल जांच

19 अगस्त 2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम देवलखेड़ा के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर डीएनए सैंपल सुरक्षित किया गया। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल दाखिल किया गया।

#### पीड़िता नाबालिग, गर्भावस्था ने बढ़ाई गंभीरता

जांच के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त अभिलेखों के अनुसार पीड़िता की आयु 14 वर्ष 03 माह पाई गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पीड़िता के गर्भ में 26 सप्ताह 01 दिन का भ्रूण पाया गया, जिससे मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर हो गया।

#### न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक त्वरित प्रक्रिया

पीड़िता के स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए मामला अपर सत्र न्यायालय ब्यावरा एवं तत्पश्चात उच्च न्यायालय इंदौर तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के निर्देश पर चिकित्सकीय विशेषज्ञ टीम का गठन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद उच्च न्यायालय द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई की अनुमति प्रदान की गई।

#### फॉरेंसिक साक्ष्य बने निर्णायक

प्रकरण में आरएफएसएल भोपाल की डीएनए रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रिपोर्ट के अनुसार नवजात शिशु का डीएनए प्रोफाइल, पीड़िता एवं आरोपी से मेल खाता पाया गया, जिससे आरोपी के अपराध की वैज्ञानिक पुष्टि हुई।

#### 16 दिवस का ऐतिहासिक ट्रायल

पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम के समक्ष निरंतर सुनवाई हुई। महज 16 दिवस में पीड़िता, उसके परिजन, चिकित्सक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ, पंच साक्षी, पुलिस अधिकारी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

#### फैसला - आजीवन कारावास

सभी साक्ष्यों, गवाहों एवं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी गोरधन जाटव को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

#### समाज के लिए सख्त संदेश

यह निर्णय न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि समाज के लिए भी कड़ा संदेश है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### संकुल प्राचार्यों, लेखापाल, डीडीओ के लेखापालों की समीक्षा बैठक में निर्देश

# भुगतान लंबित रखने वाले 17 जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 01 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों के लंबित देयकों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त संकुल प्राचार्य, लेखापाल एवं जिले के डीडीओ के लेखापाल उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान ई-गवर्नेंस द्वारा तैयार गूगल शीट में भुगतान तिथि एवं भुगतान की गई राशि की जानकारी एवं लंबित देय स्वत्वों की स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के विभिन्न भुगतान अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर 17 लेखापालों सहित अन्य जिम्मेदारों को निलंबित करने के नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए हैं। शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा कर्तव्य विमुख आचरण की श्रेणी में आने के कारण निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं।

#### इन्हें जारी हुए सस्पेंशन के नोटिस

जिन लेखापालों व भुगतान शाखाओं के जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं उनमें राजेश साहू लेखापाल संकुल पढाना, सुरेन्द्र बिरोन लेखापाल संकुल पढाना, राजेन्द्र जाटव लेखापाल, मुकेश साहू लेखापाल बीईओ सारंगपुर, विश्वनाथ सिंह उमठ लेखापाल बीईओ नरसिंहगढ़, सुनील आर्थ बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ, शिव नारायण वर्मा संकुल प्राचार्य पढाना, धगेन्द्र मेवाडे लेखापाल बीईओ खिलचीपुर, चुन्नीलाल दांगी बीईओ कार्यालय खिलचीपुर, दिनेश पारिक लेखापाल सीएमएचओ कार्यालय, महेश शर्मा स्थापना भू-अभिलेख, लक्ष्मीनारायण कुंभकार लेखापाल सिविल सर्जन कार्यालय, देवनारायण विश्वकर्मा पीएचई राजगढ़, शाहिद काजी नायब नाजिर तहसील खिलचीपुर, श्याम सुंदर जौधाना नायब नाजिर जीरापुर, बीएस सोलंकी लेखापाल सामाजिक न्याय विभाग एवं मनोज मैथिल शामिल हैं।

### नायब तहसीलदार ने की अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई



**माचलपुर।** रामगोपाल सत्यनारायण मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी विद्याधाम में दुकानों निर्माण के सामने की बेशकीमती शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था जिस पर पटवारी की रिपोर्ट पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अतिक्रमण धारी को अर्थ दंड से दंडित किया था। उक्त अतिक्रमण की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने खुद मौके पर जाकर कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी और टीम के साथ जमीन से अतिक्रमण हटवाया साथ ही आगे से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी।

## दहेज में 10 लाख की डिमांड, पति, सास और ससुर पर एफआईआर

**राजगढ़।** एक विवाहिता महिला को मायके से दहेज में 10 लाख रुपए और कार लाने की डिमांड को लेकर दी जा रही प्रताड़ना के चलते पुलिस ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग फरियादिया को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट भी किया करते थे। जानकारी के अनुसार सुठालिया थानाक्षेत्र के उमरेड निवासी मधुबाई लोधा का विवाह सुनील पिता शिवनारायण लोधा निवासी ग्राम निनोर थाना नरसिंहगढ़ से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मधुबाई से दहेज में 10 लाख रुपए नकद और कार देने की मांग की जा रही थी। मायके पक्ष द्वारा यह मांग पूरी न कर पाने पर ससुरालियों द्वारा मधुबाई से मारपीट कर परेशान किया जा रहा था। फरियादिया की शिकायत मिलने पर सुठालिया पुलिस ने पति सुनील पिता शिवनारायण लोधा, ससुर शिवनारायण लोधा एवं सास नौरंगबाई पत्नी शिवनारायण सर्व निवासी ग्राम निनोर पर बीएनएस की धारा 85, 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## सारंगपुर को करोड़ों की सौगात नवीन जनपद पंचायत भवन सहित कई कार्यों का भूमि पूजन




**सारंगपुर।** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को नवीन जनपद पंचायत भवन, शासकीय विश्रामगृह तथा नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे, एसडीओ कृपाल पोरवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की रूपरेखा साझा की गई, जिससे नगरवासियों में उत्साह का माहौल रहा। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प शहरों और कस्बों में मजबूत, टिकाऊ और आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की सुविधाएं तथा सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध होंगे।

## स्कार्पियो में पीछे से घुसी बाइक, 2 गंभीर, 1 रेफर

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजगढ़-खिलचीपुर के बीच शनिवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त एक की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हीरालाल पिता रामसिंह तंवर निवासी ग्राम बोरदा थाना भोजपुर एवं याशीन पिता अलीखां निवासी पुरा, जिला नरसिंहपुर अपनी बाइक से खिलचीपुर से राजगढ़ आ रहे थे। इस दौरान बड़बड़ी के नजदीक हाईवे पर बने ब्रेकर के यहां एक स्कार्पियो वाहन की गति धीमी होने पर बाइक स्कार्पियो में जा घुसी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गए। दुर्घटनाओं के मामलों में अक्सर बड़े वाहन हादसा होने पर मौके से भाग निकलते हैं लेकिन इस मामले में जिस स्कार्पियो वाहन से दुर्घटना हुई उसका मालिक खुद दोनों घायलों को जिला अस्तपाल लेकर पहुंचा। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हीरालाल को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया है।

### बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने लगाई फांसी

**जीरापुर।** नगर के बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप एक घटना सामने आई है, जहां बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीए तृतीय वर्ष में अध्यनरत युवती अपनी बहन के साथ बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप किराये के मकान में रहती थी तथा एक प्रायवेट स्कूल में अध्यापन भी कार्य करती थी। जिसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार संजू पिता मनोहर सिंह परिहार निवासी खाखरी ने अपनी बहन के साथ पढ़ाई के लिए जीरापुर में किराए के मकान में रह रही थी तथा एक निजी स्कूल में पढ़ाने का कार्य भी करती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### जिले के 8 पूर्व सरपंचों को वसूली आदेश व वारंट जारी

**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों से जुड़ी राशि पंचायत के खातों से निकालने के उपरान्त भी 7 पूर्व सरपंचों ने काम नहीं करवाया। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने वसूली आदेश के साथ ही कुछ सरपंचों को जमानती वारंट जारी किए हैं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के एवज में राशि आहरित कर काम न कराने वाले जनपद सारंगपुर की ग्राम पंचायत भैंसवामाता राशि रुपए 89 हजार 625, ग्राम पंचायत सरेड़ी की राशि 7 लाख 11 हजार, जीरापुर की ग्राम पंचायत अरन्या की राशि 1 लाख 78 हजार 600 रुपए जमा नहीं कराने एवं पेशी पर उपस्थित नहीं होने के चलते यहां के पूर्व सरपंचों से वसूली आदेश पारित किए गए हैं।

## चंदेरी में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एसआईआर वर्ष-2026 गहन पुनरीक्षण विधानसभा-033 चंदेरी में शनिवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा में चल रहे एसआईआर कार्य की समीक्षा की गई। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र कमांक- 184,185-वडेरा में ए.एस.डी.आर. सूची वाचन कार्यक्रम में संम्मिलित हुये। उनके द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के वी.एल.ए. एवं ग्रामीणजनों से चर्चा की गयी एवं वी.एल.ओ. को आवश्यक निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवकीनन्दन सिंह व अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्देरी मनीष धनगर भी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा विधानसभा 033 चन्देरी एवं अशोकनगर जिले में गहन पुनरीक्षण के दौरान किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 जनवरी से

**आरोन।** नगर स्थित श्री सनातन धर्म मंडल प्रांगण में 18 वर्षों से आयोजित होती चली आ रही श्रीमद् भागवत कथा का 19वां आयोजन श्री सनकादिक संस्कृत विद्यालय, थाना के सामने, आरोन में किया जा रहा है। यह पावन आयोजन 18 जनवरी से 25 जनवरी तक संपन्न होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, संस्कृति का संवर्धन, बालकों में संस्कारों का विकास, तथा समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाकर नशा-मुक्त समाज की स्थापना करना है।

## साक्षी जैन डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद दिल्ली एनसीआर के तत्वावधान में मानद डॉक्टरेट अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन 13 दिसंबर को फरीदाबाद के दशमेश प्लाजा स्थित कैसल ऑफ आर्ट ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जिसमें कालापीपल की कवियत्री साक्षी जैन को हिन्दी साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं विशिष्ट सेवा के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मैजिक एंड आर्ट विश्वविद्यालय के चेयरमैन, कुलाधिपति डॉ. सीपी यादव ने की। मुख्य अतिथि सीपीआर मास्टर ट्रेनर ऑफ अमेरिका तथा सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के उपायुक्त डॉ. राजेन्द्र सैनी ने की। साथ ही अन्य अतिथियों में डॉ रामावतार शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, डॉ हरिओम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, आर.पी. हैंड ओर डॉ निरंजन बक्शी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि साक्षी जैन शिक्षा क्षेत्र के साथ साथ साहित्य क्षेत्र के साथ जुड़ी हुई हैं। उनके द्वारा साक्षी काव्य संग्रह के नाम से कविता संग्रह प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही उनकी रचनाएं प्रदेश एवं देश के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। साक्षी जैन को साहित्य क्षेत्र में कई सम्मान / पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। साक्षी जैन 2024 में अटल बिहारी वाजपेई पुरस्कार व 2025 में विश्व भूषण पुरस्कार लखनऊ में प्राप्त कर चुकी है। इसके साथ ही साक्षी जैन ने बताया वह अभी तक 200 से अधिक कविताएं लिख चुकी है, ये कविताएं विभिन्न समाचार-पत्रों और किताबों में प्रकाशित हो चुकी है, उनकी साक्षी काव्य संग्रह के नाम से स्वयं की किताब भी प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें 63 कविताओं का संग्रह है। इस कार्यक्रम में देश के 76 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की डिग्री से नवाजा गया। जिसमें साहित्य के क्षेत्र में सिर्फ साक्षी जैन को डॉक्टरेट की डिग्री से नवाजा गया।

### पीआईयू ने ही निर्माण एजेंसी को नहीं किया है करीब 9 करोड़ का भुगतान

# मजदूरी अटकी, मेडिकल कॉलेज के 120 मजदूर हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के लिए बड़ी सौगात माने जा रहे करीब 220 करोड़ की लागत वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरूआत से ही कछुआ गति से चल है। अपनी तय अवधि से करीब ढाई साल पीछे चल रहे इस चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण में पिछले कुछ महीनों से तेजी आने के बाद अब फिर से काम की गति धीमे होने की संभावना है। दरअसल, कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण विभिन्न सप्लायरों के माध्यम से लगे करीब 120 मजदूरों को निर्माण एजेंसी से बीते तीन महीनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। राजगढ़ जिले सहित अन्य राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में यहां काम करने आए इन मजदूरों को तीन माह (सितंबर, अक्टूबर, नवंबर) से एजेंसी ने उनकी मजदूरी/मेहनताने का भुगतान नहीं किया है। एजेंसी के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब मजदूरों को उनका भुगतान नहीं किया गया तो शनिवार से सभी मजदूर काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। मजदूरों का कहना है कि हम अपना गांव, शहर छोड़कर दो जून की रोटी के लिए यहां काम करने आए हैं लेकिन जब महीनों तक हमें हमारा मेहनताना नहीं मिलेगा तो हम अपना घर, परिवार कैसे चलाएंगे।

#### पीआईयू से ही एजेंसी को नहीं हुआ भुगतान

सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी श्रीजी कन्सट्रक्शन कंपनी द्वारा पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) में करीब 9 करोड़ रुपए के बिल सब्मिट किए हुए हैं परन्तु विभाग द्वारा कंपनी को भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में कंपनी भी अपनी लेबर को समय पर पेमेंट नहीं दे पा रही है। हालांकि, मेडिकल कॉलेज निर्माण में करीब 500 मजदूर काम कर रहे हैं जिनमें से 120 मजदूरों ने अपनी मजदूरी न मिलने के चलते काम बंद कर दिया।

#### 2024 में पूरी होने वाली परियोजना अभी तक अपूर्ण

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर संकट मोचन बड़ली क्षेत्र के एक बड़े भूभाग में इस चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण चल रहा है। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान साल 2022 में इस महते प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करके गए थे। लेकिन मजदूरों की कमी, विद्युत विभाग की पोल शिफ्टिंग में लेट-लतीफी सहित विभिन्न कारणों के चलते जिस परियोजना को 2024 में पूर्ण हो जाना था वो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

#### स्वास्थ्य आयुक्त भी लगा चुके हैं फटकार

स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन आयुक्त तरुण पिथोड़े भी इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण की अत्यंत धीमी गति को लेकर निर्माण एजेंसी को फटकार लगा चुके हैं। करीब 2 वर्ष पूर्व पिथोड़े जब इस निर्माणाधीन कॉलेज के निरीक्षण पर आए थे तब भी एजेंसी द्वारा लेबर की कमी की समस्या बताई गई थी वहीं अब एक बार फिर से 120 मजदूरों के अचानक काम बंद कर देने से कहीं न कहीं यह प्रोजेक्ट जल्द पूर्ण होता नजर नहीं आ रहा।

#### इनका कहना है...

मैं निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मेनेजर से बात करता हूं। यह भी सही है कि ऊपर से ही भुगतान अटका हुआ है जिसके चलते निर्माण एजेंसी के 9 करोड़ के बिलों के पेमेंट लंबित हैं।

ज्ञानदीप भूमरकर
कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी (भवन), राजगढ़

# माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या और यश की प्राप्ति होतीः बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





नईसराय सुरई मैदान में हो रही श्री राम कथा के चैथे दिन अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने राम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने जन्म लेकर मर्यादा बनाते हुए माता-पिता गुरु से आशीर्वाद लेकर सारे कार्य करने की पद्धति बनाई। भगवान श्री राम पिता की आज्ञा पालन कर अयोध्या के सारे कार्य करते हैं। वही गुरु वशिष्ट जी के यहां विद्या अध्ययन कर आचार संहिता का निर्वहन करते हैं और आज इसके विपरीत हो रहा है कोचिंग और ट्यूशन के माध्यम से गुरु को अपने घर बुलाकर अपने बच्चों को विद्या अध्ययन करने वाले माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को बिगाड़ते हैं इससे बच्चों में अज्ञान आता है और उत्तम ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। गुरु आश्रम में विद्या अध्ययन करने से गुरु का सम्मान होता है साथ ही निर्मल बुद्धि की प्राप्ति होती है जगतगुरु देवमुरारी बापू ने आगे कथा में यह भी बताया कि भगवान श्री राम प्रातः काल उठकर माता-पिता गुरु को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते और ब्रह्म मुहूर्त में उठते हैं इससे विद्यार्थी एवं पुत्र को आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है अगर किसी को यह तीनों चाहिए तो संस्कार बान बनने के लिए भगवान श्री राम के पद चिन्ह पर चले। जिससे संसार में यश बढ़ेगा और राम जी की कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इसी कारण भगवान श्री राम का जन्म होता है कि मनुष्य को उत्तम मार्ग दिखाया जा सके और उचित शिक्षा कैसे प्राप्त हो इसका मार्ग सुनिश्चित हो।